दूरभाष PBX 2762021, 22, 24, 2773323

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :व्या0पाठ्0/प्रयो0/2534
दिनांक: 16.12.2020

## प्रेस विज्ञप्ति

व्यवसायिक पाठ्यक्रम विभाग मे संचालित पाठ्यकमों में दिसम्बर 2019 एवं जून 2020 सेमेस्टर प्रणाली एंव वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यकमों बी0सी0ए0, बी0एस0सी0 (बायोटैक्नोलॉजी), एम0एस0सी0 (बायोटैक्नोलॉजी), बी0एस0सी0(माईक्रोबायोलॉजी), एम0एस0सी0 (माईक्रोबायोलॉजी), बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइंस), एम0एस0सी0 (कम्प्यूटरसाइंस), एम0एस0सी0 (बायोकेमेस्ट्री), बी0एस0सी0 (ग्रहविज्ञान), एम0एस0सी0(ग्रहविज्ञान) बी0वॉक, बी0पी0ई0एस0, एम0पी0ई0एस0, बी0जे0एम0सी0, एम0जे0एम0सी0, बी0एफ0ए0, एम0एफ0ए0, बी0एस0सी0(बायोइन्फोरमट्रिक), बी0लिब0, एम0लिब0, बी0बी0ए0, एम0आई0बी0 विषयों के ऐसे विद्यार्थी जो किन्ही कारणवंश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, ऐसे छात्र/छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा एक अन्तिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

**अतः ऐसे सभी छात्र/छात्राऐं जो प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में सम्मलित होने हेतु अपना आवेदन-पत्र कालेज से अग्रसारित कराकर तथा इंडियन बैंक (शाखा विश्वविद्यालय) मे निर्धारित शुल्क रू0 1500/-(एक हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति छात्र व प्रति कोड जमा कर एंव प्रवेश पत्र व उपस्थिति पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुये आवेदन पत्र प्रत्येक दशा में दिनांक 21.12.2020 तक प्रोफेशनल विभाग कमरा नं0 308 में जमा कराना सुनिश्चित करें।** तदोपरान्त उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु केन्द्र निर्धारित किये जायेगें जिसकी सूचना मुख्य समाचार पत्रों एंव विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर अपलोड की जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सम्बन्धित कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोटः- भूतपूर्व छात्र/छात्राओं सहित ऐसे विद्यार्थी जो वार्षिक परीक्षा वर्ष 2020, एव सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 से पूर्व वर्षो के छात्र/छात्राये जो किन्ही कारणवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके है तथा कालबाधित की श्रेणी में नही आते है एसे छात्र/छात्राओ को विश्वविद्यालय द्वारा अपनी उपाधि पूर्ण करने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि शुल्क रू0 1500/-(एक हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति छात्र/प्रति कोड जमा कर अपना आवेदन उक्त वांछित संलग्नकों सहित प्रोफेशनल विभाग कमरा (नं0 308) में जमा करा दे। उक्त नियत तिथि के पश्चात प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सम्बधिन्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

16/12/2020
परीक्षा नियंत्रक
16/12/2020

प्रतिलिपि :-

01.सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02.सचिव प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03.आशुलिपिक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04.वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
05.संकायाध्यक्ष शिक्षा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06.सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि वे समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियो को प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सूचित कराया जाना सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्धारित अवधि में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करें।
07.प्रेस प्रवक्ता चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

सहा0 कुलसचिव (व्या0पाठयक्रम)